देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 207 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
वादों का अर्थशास्त्र



देहरादून, शुक्रवार, 24 नवंबर 2023

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 13.0° 66017.81

2 अमेरिकी सरकार में जवाबदेही की कमी 7 उबरने में लंबा समय लगेगा

# राजोरी मुठभेड़ में बड़ी सफलता

## ढांगरी हमले का मास्टरमाइंड आतंकी कॉरी समेत दो ढेर, हथियार बरामद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राजोरी। जम्मू संभाग के जिला राजोरी के बाजीमाल में गुरुवार दूसरे दिन भी मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है। उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। अभी तलाशी अभियान जारी है।

पीआरओ डिफेंस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादी कॉरी मारा गया है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है। कॉरी लश्कर–ए–तैयबा का उच्च रैंक आतंकवादी कमांडर था। वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजोरी और पुंछ में सक्रिय था। उसे ढांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इन आतंकियों को इन क्षेत्रों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। वह आईईडी लगाने, गुफाओं से छिपकर हमला करने और प्रशिक्षित स्नाइपर था। इस साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में दोहरे आतंकी हमले को अंजाम दिया गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इसमें पांच लोग गोलीबारी में और दो लोग आईईडी ब्लास्ट में मारे गए थे।

जिला राजोरी के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू–कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ गुरुवार सुबह एक बार फिर शुरू हुई। बुधवार सुबह 10 बजे शुरू हुई मुठभेड़ रात सात बजे तक जारी रही। अंधेरा होने के कारण नौ घंटे बाद गोलीबारी बंद कर दी गई लेकिन सुरक्षाबलों ने दोनों दहशतगर्दों को घेरा डाले रखा। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाजीमाला में आतंकवादियों ने एक गुज्जर व्यक्ति की पिटाई कर दी थी। गुज्जर व्यक्ति ने दोनों आतंकवादियों को खाना देने से मना कर दिया था।

आतंकी संगठनों ने सर्दी शुरू होते ही जम्मू–कश्मीर में हमले तेज कर दिए हैं। यह सिलसिला अगले कुछ दिनों में और बढ़ सकता है, क्योंकि बर्फ गिरने से पहले सीमा पार से आतंकियों की बड़े स्तर पर घुसपैठ कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि पहले से मौजूद दहशतगर्दों से हमले करवाकर आतंकी सरगना अपनी मौजूदगी का एहसास कराने का प्रयास कर रहे हैं।



### मुठभेड़ के दौरान दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मी शहीद

गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान एक जवान बलिदान हो गए। इससे पहले बुधवार को दो कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी बलिदान हो गए और दो जवान घायल हुए। बुधवार को नागरिकों को बचाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक आतंकियों ने हमला कर दिया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस ऑपरेशन में कुल पांच सुरक्षाकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए और दो घायल हुए हैं। बलिदान अधिकारियों की पहचान कर्नाटक के कैप्टन एमवी प्रांजल, 63 आरआरः सिग्नल, आगरा के कैप्टन शुभम, 9–पैरा और जम्मू के पुंछ के हवलदार माजिद, 9–पैरा के रूप में हुई है। 9 पैरा के मेजर मेहरा के हाथ और छाती में चोट आई है। उन्हें उधमपुर के कमांड अस्पताल में एयरलिफ्ट कर पहुंचाया गया। यहां उनकी हालत स्थिर है।

### इस साल अब तक 15 जवान बलिदान, 25 आतंकवादी ढेर

जम्मू में आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सेना की ओर से अभियान जारी है। इसी बीच इस साल जम्मू के तीन जिलों में सैन्य अभियान की एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 15 सुरक्षाकर्मी बलिदान हुए हैं। वहीं 25 आतंकवादियों को ढेर किया गया और 22 अन्य लोगों ने जान गंवाई। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन इलाकों में सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश की जाती है। जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कल शुरू हुई मुठभेड़ में जम्मू के राजोरी इलाके में दो सैन्य अधिकारी समेत सेना के चार कर्मी शामिल हैं, जो राजोरी जिले के बाजीमल इलाके में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में अपनी जान गंवा बैठे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र और राज्य सरकारों पर सुको सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे एसएनजेपीसी की सिफारिशों के अनुसार निचली अदालत के न्यायाधीशों के वेतन बकाया और अन्य बकाया राशि का भुगतान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गुरुवार को आखिरी मौका दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन–न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि 19 मई के उसके निर्देशों के बावजूद कुछ राज्यों ने या तो पूरी तरह से या आंशिक रूप से उनका अनुपालन नहीं किया है।

### पीएम ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर पूजा–अर्चना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर पूजा–अर्चना की। इसके बाद पीएम मीराबाई के 525वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे, जहां सांसद हेमा मालिनी ने उनका स्वागत किया। पीएम ने संत मीराबाई पर डाक टिकट का विमोचन किया।

# चार के बदले आठ को भेजूंगी जेल गिरफ्तारी के बदले होगी गिरफ्तारी

## ममता बनर्जी की भाजपा को खुली चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियां उनकी पार्टी के चार नेताओं को गिरफ्तार करती हैं, तो इसके बदले राज्य की पुलिस आठ भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने बीजेपी को खुली चेतावनी देते हुए कहा, ष्उन्होंने हमारे चार विधायकों को जेल भेज दिया, यह सोचकर कि इस तरह से हमारी संख्या कम कर देंगे। अगर वे मेरे चार लोगों को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल भेजेंगे और उन्हें बदनाम करेंगे, तो मैं उनके आठ नेताओं को हत्या और अन्य मामलों में जेल भेजूंगी।

ममता बनर्जी कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी नेताओं की बैठक को संबोधित करने के दौरान यह बयान दिया। विधायकों और टीएमसी सांसदों, विधायकों और ब्लॉक और ग्राम स्तर तक के सैकड़ों नेताओं ने भाग लिया। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने बैठक को वर्चुअली सभा को संबोधित किया। अपने बयान में ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र ने सभी को बंदूक की नोक पर रखा है।

उन्होंने कहा, "आज आप हंस रहे हैं क्योंकि हमारी पार्टी के नेता अनुब्रत मंडल, पार्थ चटर्जी, माणिक भट्टाचार्य, ज्योति प्रिया मल्लिक और कुछ अन्य नेता जेल में हैं। यह परंपरा जारी रहेगी, भविष्य में जब आप कुर्सी पर नहीं रहेंगे तो कहां होंगे? एक कोठरी में?"

### बीजेपी ने किया पलटवार

ममता बनर्जी के बयान पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि टीएमसी सुप्रीमो ने विपक्ष को धमकाना शुरू कर दिया है। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने मीडिया से कहा, वह जानती हैं कि वह अपनी जमीन खो रही हैं। आने वाले दिनों में उनकी पार्टी के और भी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाएंगे। गिरफ्तारियों से न तो भाजपा और न ही केंद्र का कोई लेना–देना है। ये सभी अदालत द्वारा आदेशित जांच हैं।

# पनौती, जेबकतरा बोलने पर बढ़ीं राहुल गांधी की मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए की गईं पनौती, जेबकतरे और कर्ज माफी संबंधी टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इससे राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। राहुल को तय समय के भीतर अपना जवाब देना होगा। यदि चुनाव आयोग कांग्रेस नेता के जवाब से संतुष्ट नहीं होता है तो कार्रवाई भी की जा सकती है।

चुनाव आयोग ने नोटिस जारी करते हुए राहुल गांधी से 25 नवंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। नोटिस में बीजेपी की ओर से शिकायत करने का भी जिक्र है। राहुल ने अपने भाषण में कहा था कि जेबकतरे होते हैं, जब दो जेब करते किसी की जेब काटना चाहते हैं तो सबसे पहले क्या करते हैं। ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आता है सामने और आपसे कोई बातचीत करता है ताकि आपका ध्यान इधर–उधर हो जाए। इस बीच दूसरा आपकी जेब काट लेता है। जेबकतरा सबसे पहले आपका ध्यान हटाता है। नरेंद्र मोदी जी का काम आपके ध्यान को इधर–उधर करने का है। इसके अलावा, वर्ल्ड कप फाइनल के बारे में राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा था कि कभी क्रिकेट मैच में चला जाएगा, वो बात अलग है कि हरवा दिया। पनौती पीएम मतलब पनौती मोदी।

### ऐक्शन

■चुनाव आयोग ने थमाया नोटिस, होगा ऐक्शन?

### भाजपा ने की थी कार्रवाई की मांग

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर बीजेपी नेताओं ने कार्रवाई की मांग की थी। बीजेपी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल, ओम पाठक सहित पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भी सौंपा था।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नया खतरा बनकर उभरा डीपफेक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार अब सख्त रवैया अपनाने जा रही है। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार जल्द ही इसके खिलाफ बड़े कदम उठाने वाली है।

मंत्री ने कहा कि जल्द ही सरकार ऐसे डीपफेक वीडियो को बनाने और इसे होस्ट करने वाले प्लेटफार्मों के लिए कानून और दंड का प्रावधान करने वाली है।

डीप फेक पर बोलते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीप फेक समाज में एक नया खतरा बनकर उभरा है। मंत्री ने कहा कि हमें तत्काल कदम उठाने की जरूरत है और हमने ये फैसला किया है कि हम कुछ ही हफ्तों में डीपफेक को कानूनी दायरे में लाने के लिए मसौदा तैयार करने कोशिश की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आज चार पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने पर बात हुई, जिनमें शामिल है. ..डीप फेक का पता लगाना, इसकी रोकथाम, रिपोर्टिंग तंत्र और जागरूकता बढ़ाने की जरूरत।

### कानून और दंड का प्रावधान करने वाली है केंद्र सरकार

## न्यूज डायरी




### नुपुर शर्मा इज ए हीरो, नीदरलैंड में इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स डच चुनाव जीते?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एम्स्टर्डम। नीदरलैंड के आम चुनाव पूरे हो चुके हैं। अनुमान है कि यहां के धुर-दक्षिणपंथी नेता और इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स चुनाव जीत सकते हैं। एग्जिट पोल के अनुसार, डच धुर दक्षिणपंथी नेता गीर्ट वाइल्डर्स नीदरलैंड चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार हैं। सामने आए एग्जिट पोल में उनकी पार्टी फ्रीडम पार्टी का परिणाम पहले से लगाए जा रहे सभी कयासों के उलट रहा है। पीवीवी सभी पार्टियों को मात देते हुए 150 में से सबसे ज्यादा 35 सीटें जीत रही है। एग्जिट पोल के अनुसार, 2021 के चुनाव में हासिल की गई संख्या से दोगुनी से भी अधिक है। एग्जिट पोल के अनुसार निवर्तमान प्रधानमंत्री मार्क रूट की पार्टी कंजरवेटिव पीपुल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी 23 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यदि सभी वोटों की गिनती के बाद पुष्टि हो जाती है, तो वाइल्डर्स की जीत यूरोपीय राजनीति को हिला देगी। बता दें कि वाइल्डर्स के चुनाव कार्यक्रम ने नीदरलैंड के यूरोपीय संघ छोड़ने पर जनमत संग्रह करने, शरण चाहने वालों को स्वीकार करने पर रोक लगाने और डच सीमाओं से प्रवासियों की वापसी का आह्वान किया। उन्होंने नीदरलैंड के डी-इस्लामीकरण की भी वकालत की। उल्लेखनीय है कि पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में वाइल्डर्स ने नुपुर शर्मा का समर्थन किया था। उन्होंने विवादित बयान देने को लेकर शर्मा को हीरो करार दिया था।

### हमास बना रहा युद्धविराम को कैसे लंबा खींचने का प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा पट्टी। इजरायल और हमास के बीच अगले कुछ दिन के लिए गाजा में युद्ध विराम करने का समझौता हुआ है। इसके तहत हमास बंधकों को छोड़ेगा तो इजरायल अपनी जेलों में बंद फिलीस्तीनियों को रिहा करेगा। एक तरफ ये डील फाइनल हो रही है तो दूसरी ओर इजरायल को कई संदेह भी हैं। इजरायल को लग रहा है कि ये डील उसके लिए नुकसान का सौदा साबित हो सकती है। इस डील से हमास अपने लिए ज्यादा फायदा ले सकता है और युद्धविराम के बाद इजरायल पर सैन्य ऑपरेशन में नरमी लाने का अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ सकता है। इजरायल के अखबार यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, देश के रक्षा विभाग के अधिकारियों को लगता है कि गाजा में हमास का चीफ याह्या सिनवार दक्षिणी गाजा पट्टी में मानवीय संकट का फायदा उठाने की कोशिश में है। इस रणनीति के तहत खान यूनिस का लादेन कहा जाने वाला याह्या सिनवार इजरायली रक्षा बलों पर इतना अतंरराष्ट्रीय दबाव डालना चाहता है कि आगे अपने अभियान को तेज ना कर सकें। खान यूनिस ही सिनवार का मुख्य कमांड सेंटर है।

### ब्रिक्स पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने भारत के खिलाफ उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इशारे के बाद आखिरकार ड्रैगन के आर्थिक गुलाम बन चुके पाकिस्तान की सरकार ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए अप्लाई कर दिया है। पाकिस्तान साल 2024 में ब्रिक्स की सदस्यता चाहता है जब रूस के पास इस वैश्विक संगठन की कमान होगी। भारत ने पाकिस्तान को शामिल किए जाने का कड़ा वि्रोध किया है। रूस दशकों से भारत का करीबी दोस्त रहा है लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद अब वह चीन का जूनियर पार्टनर बनता जा रहा है। रूस की चीन पर बढ़ती निर्भरता की वजह से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत से मदद मांगने की बजाय तीखा तंज कसा है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के रूस में हाल ही में नियुक्त हुए राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने ब्रिक्स की सदस्यता की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चाहता है कि ब्रिक्स का सदस्य बनने में रूस मदद करे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान इस महत्वपूर्ण संगठन का सदस्य बनना चाहता है और हम इसके सदस्य देशों के साथ संपर्क करने की प्रक्रिया में हैं ताकि समर्थन जुटाया जा सके। पाकिस्तान के केयरटेकर विदेश मंत्री ने चीन का साथ मिलने के बाद भारत के खिलाफ तंज कसा है। पाकिस्ह्तानी विदेश मंत्री ने भारत के वीटो करने के सवाल पर कहा कि अगर भारत ऐसा करता है तो ब्रिक्स के अंदर खुद उसके दर्जे पर खतरा पैदा हो जाएगा।

# सांसदों ने जो बाइडन से गाजा युद्धविराम को बढ़ाने का किया आग्रह

## इजरायल हमास के बीच लगातार जारी है युद्ध

आग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वाशिंगटन डीसी। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को 20 से अधिक मिशिगन सांसदों से एक पत्र मिला, जिसमें उनसे इजरायल और हमास आतंकवादी समूह के बीच स्थायी युद्धविराम को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया है। यह पत्र 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास द्वारा लिए गए 50 बंधकों के सुरक्षित स्थानांतरण के बदले में गाजा में अस्थायी चार दिवसीय युद्धविराम की घोषणा के बदले में आया है। बता दें कि बुधवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में युद्धविराम की घोषणा की थी।

नेतन्याहू के एक्स, पूर्व में ट्विटर, पेज पर साझा की गई एक पोस्ट में कहा गया है, आज रात, सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के पहले चरण की रूपरेखा को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार कम से कम 50 बंधकों-महिलाओं और बच्चों को चार दिनों में रिहा किया जाएगा। जिससे लड़ाई पर विराम लग जाएगा। इसी तरह, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की कि उन्हें खुशी है कि सौदा सुरक्षित हो गया, उन्होंने यह भी कहा कि वह आभारी हैं कि बंधकों को उनके परिवारों के साथ फिर से जोड़ा जाएगा। मैं 7 अक्टूबर को इजरायल के खिलाफ क्रूर हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते का स्वागत करता हूं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि ये बहादुर आत्माएं, जिन्होंने एक अवर्णनीय कष्ट सहा है, इस समझौते के पूरी तरह से लागू होने के बाद अपने परिवारों से दोबारा मिल सकेंगी। सांसदों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अस्थायी युद्धविराम समझौता एक षकारात्मक कदम है। हालाँकि, मिशिगन के सांसद अब भी मानते हैं कि यह पर्याप्त सौदा नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि ये बहादुर आत्माएँ, जिन्होंने एक अकथनीय कष्ट सहा है, इस समझौते के पूरी तरह से लागू होने के बाद अपने परिवारों से फिर मिल सकेंगी। सांसदों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अस्थायी युद्धविराम समझौता एक सकारात्मक कदम है।

द हिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि हालाँकि, मिशिगन के सांसद अब भी मानते हैं कि यह पर्याप्त पर्याप्त सौदा नहीं है। राज्य के सांसदों द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों- आस्था नेताओं, निर्वाचित अधिकारियों और सामुदायिक नेताओं ने सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का आग्रह करते हुए संघर्ष में युद्धविराम का आह्वान किया है।

पत्र में लिखा है, 21 अक्टूबर से कुछ सहायता गाजा में प्रवेश करने में सक्षम हो गई है, लेकिन पानी, भोजन, दवा और रक्त की अपर्याप्त आपूर्ति जारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गाजा के 20 अस्पताल अब काम नहीं कर रहे हैं। 10 लाख से अधिक निवासी अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं, जिससे मानवीय संकट बढ़ गया है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, जो संभवतरू अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही है। सियोल ने कहा कि वह उत्तर के जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण के जवाब में फ्रंट-लाइन हवाई निगरानी फिर से शुरू करेगा। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उत्तर के राजधानी क्षेत्र से उत्तर के पूर्वी जल क्षेत्र की ओर एक मिसाइल लॉन्च की गई थी, लेकिन माना जाता है कि यह प्रक्षेपण विफलता में समाप्त हुआ। इसमें कोई और विवरण नहीं दिया गया, जैसे कि किस प्रकार की मिसाइल दागी गई और उसका क्या हुआ। यह प्रक्षेपण दो महीने से अधिक समय में उत्तर कोरिया का पहला ज्ञात हथियार प्रक्षेपण था। इससे पहले दक्षिण कोरिया ने घोषणा की थी कि उसने उत्तर कोरिया के उपग्रह प्रक्षेपण की प्रतिक्रिया में अंतर-कोरियाई समझौते को आंशिक रूप से निलंबित करने और सीमा पर निगरानी विमान उड़ाना फिर से शुरू करने का फैसला किया है। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को दक्षिण कोरिया के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि वह जैसे को तैसा की कार्रवाई करते हुए सीमा पर अधिक शक्तिशाली और नए हथियार तैनात करेगा।




## हमास समर्थकों पर जर्मन पुलिस ने कसा शिकंजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। उग्रवादी समूह द्वारा या उसके समर्थन में किसी भी गतिविधि पर औपचारिक प्रतिबंध के बाद गुरुवार सुबह सैकड़ों पुलिस अधिकारियों ने जर्मनी में हमास के सदस्यों और अनुयायियों की संपत्तियों की तलाशी ली। जर्मन सरकार ने 2 नवंबर को प्रतिबंध लागू किया और सैमिडौन नामक समूह को भंग कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ये समूह 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास द्वारा किए गए हमले का बर्लिन में जश्न मना रहा था। जर्मनी की घरेलू खुफिया सेवा का अनुमान है कि देश में हमास के लगभग 450 सदस्य हैं। उनकी गतिविधियाँ सहानुभूति की अभिव्यक्ति और प्रचार गतिविधियों से लेकर विदेशों में संगठन को मजबूत करने के लिए वित्तपोषण और धन जुटाने की गतिविधियों तक होती हैं।

# भारतीय-अमेरिकी अटार्नी ने नई किताब में अमेरिकी सरकार पर लगाया आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी अटार्नी काश पटेल ने अपनी नई पुस्तक गवर्नमेंट गैंगस्टर में आरोप लगाया है कि अमेरिकी सरकार में शीर्ष नौकरशाही के बीच जवाबदेही की भारी कमी है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सहायक पटेल ने किताब में लिखा है कि शीर्ष पदों पर बैठे लोगों ने कानून की धज्जियां उड़ाई और पद पर बने हुए हैं।

43 वर्षीय काश पटेल ने कहा कि मैंने रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों प्रशासनों में 16 वर्षों तक काम किया है। पटेल ने एक साक्षात्कार में 'कहा कि इसके (पुस्तक लिखने) पीछे का उद्देश्य यह था कि डेमोक्रेट

■अमेरिकी सरकार में जवाबदेही की भारी कमी

■ट्रंप प्रशासन के पूर्व अधिकारी काश पटेल ने अपनी किताब में किए कई खुलासे

और रिपब्लिकन दोनों प्रशासनों में 16 वर्षों तक सरकार में रहने के बाद, मुझे यह स्पष्ट हो गया कि सरकार के भीतर पदों पर बैठे ऐसे लोगों में जवाबदेही की गंभीर कमी थी जिन्होंने कानूनों को तोड़ा था। उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि उन सभी उदाहरणों को लिखना चाहिए, जो मेरे सामने आए, यह उजागर करने और इस समस्या का समाधान प्रदान करने की कोशिश का एक हिस्सा था कि किस प्रकार सरकार में शीर्ष पर बैठे प्रभावशाली लोगों की गुप्त साजिशों को परास्त किया जाए, यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक है।''

एक सवाल के जवाब में पटेल ने कहा कि बाइडन प्रशासन और ऐसे शीर्ष पदों पर बैठे लोगों के बीच सांठगांठ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन इन भ्रष्ट गवर्नमेंट गैंगस्टर से भरा हुआ है। पटेल ने एक अन्य संदर्भ में कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के हितों को वैश्विक पटेल पर आगे बढ़ाते हुए अच्छा काम किया है। हालांकि, जैसा मैं देखता हूं कि उनकी ब्रिक्स संगठन में अधिक रुचि है। यह हमारे राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा भारत को प्राथमिकता न देने का परिणाम है।

### ईरान ने रची भारत आ रहे जहाज के अपहरण की साजिश!


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। यमन के हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे जापानी जहाज गैलक्सी लीडर का लाल सागर से अपहरण कर लिया है। इस जहाज का आंशिक मालिकाना हक इजरायल के एक अरबपति के पास है। जापान समेत दुनियाभर से इस जहाज को छोड़ने की गुहार लगाई गई है लेकिन अभी तक हूतियों ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। उल्टे हूतियों ने धमकी दी है कि इजरायल के या उससे जुड़े किसी भी जहाज को लाल सागर में इसी तरह कार्रवाई का सामना करना होगा। हूतियों ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें उसके विद्रोही कमांडो हेलिकॉप्टर से जहाज पर उतरते हैं और हथियारों के बल पर पूरे जहाज को अपने काबू में कर लेते हैं। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की कुद्स फोर्स ने हूतियों की इस अपहरण में मदद की थी। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट मुताबिक ईरानी सेना के जहाज ने इस अपहरण अभियान को चलाने में मदद की थी।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# रातीघाट के वीर सपूत ने राजौरी सेक्टर में दिया सर्वोच्च बलिदान

**सर्वोच्च बलिदान**


## नाइन-पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात थे कमांडो संजय सिंह बिष्ट

**संवाददाता**

गरमपानी। कुमाऊं का एक और वीर सपूत मां भारती की आन, बान व शान की रक्षा के लिए बलिदानी हो गया। जम्मू के राजौरी सेक्टर में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में बेतालघाट ब्लॉक स्थित रातीघाट क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय पैरा कमांडो नाइन पैरा (स्पेशल फोर्स) संजय सिंह बिष्ट ने देश के दुश्मनों से लोहा लेते हुए प्राण न्योछावर कर दिए। सैन्य अधिकारी बलिदानी सपूत का पार्थिव शरीर लेकर जम्मू से उत्तराखंड के लिए निकल पड़े हैं। शुक्रवार की सुबह तक यहां पहुंचने की उम्मीद है। इधर जांबाज के बलिदान की खबर से स्वजन बेसुध हैं तो पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया है।

**नाइन-पैरा स्पेशल फोर्स में थे कमांडोः** रातीघाट निवासी दीवान सिंह बिष्ट का वीर पुत्र संजय सिंह बिष्ट भरतीय सेना की नाइन–पैरा स्पेशल फोर्स में कमांडो के तौर पर





तैनात थे। जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर से लगभग 70 किमी दूर कालाकोट के गुलाबगढ़ के जंगल में आतंकी गतिविधियों की भनक थी। ग्रामीणों ने सुरक्षाबलों को इसकी सूचना दी। इस पर बाजीमल क्षेत्र में कांबिंग शुरू की गई।

**संजय सिंह बिष्ट ने दिया बलिदान** सैन्य सूत्रों के अनुसार इसी विशेष ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। आतंकियों के खात्मे को चलाए गए इस ऑपरेशन में 19–कुमाऊं रेजिमेंट की नाइन–पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात पैरा कमांडो संजय सिंह बिष्ट ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

**घर में मचा कोहरामः** देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की खूबर रातीघाट क्षेत्र तक पहुंची तो कोहराम सा मच गया। स्वजन बदहवास हो गए। बलिदानी सपूत का पार्थिव शरीर आज सुबह तक रातीघाट स्थित उसके पैतृक गांव पहुंचने की सूचना है।

**बाल्यावस्था से थी सैनिक बनने की धुनः** जांबाज संजय जीआइसी रातीघाट का मेधावी छात्र रहा। भारतीय सेना में भर्ती होकर देशसेवा की ललक उसमें बचपन से ही थी। 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद संजय वर्ष 2012 में 19—कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुआ। कठिन प्रशिक्षण व मेहनत के दम पर उसे नाइन—पैरा की स्पेशल फोर्स में बतौर कमांडो तैनाती मिली। बीती एक नवंबर को ही संजय एक माह की छुट्टी बिताकर जम्मू लौटा था। इस दरमियान दूरभाष पर स्वजन की उससे वार्ता हुई। बलिदान से माहौल गमगीन है तो क्षेत्र गौरवान्वित भी है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने पर्वतीय पर्व इगास धूमधाम से मनाया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कावली रोड पर गुरूवार को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्वतीय पर्व इगास प्रात 11.00 बजे मनाया गया। स्मरण रहे कि ईगास का पावन पर्व पर्वतीय क्षेत्रों में दीपावली के 11 दिन के बाद मनाया जाता है इस मौके पर शाम के समय भोलो खेला जाता है। मगर समय अभाव के कारण समिति के सदस्य भोलो नहीं खेल पाए। समिति के उपाध्यछ प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें ईद, क्रिसमस ,दीपावली तथा गुरु पर्व पर भागीदारी करनी चाहिए। इसमें भाईचारा और स्वहाद पूर्ण वातावरण बनता है। इस मौके पर आरिफ वारसी ,प्रभात डंडरियाल,सुशील विरमानी, पारस यादव ,अतुल शर्मा ,अजीत वर्मा, रणजीत जोशी, आदि उपस्थित रहे।

### भगवान शिव का अद्भुत सिंगार हमें अध्यात्म जगत की ओर इंगित करता है

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से देहरादून में श्री शिव कथा अमृत आयोजन के चतुर्थ दिवस में गरिमा भारती जी ने भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप का वर्णन किया भगवान शिव का अद्भुत सिंगार हमें अध्यात्म जगत की ओर इंगित करता है। जिस प्रकार से यह हमारे बाहर के तीर्थ स्थल, मंदिर इत्यादि हमें घट के तीर्थ में उतर कर उसे जानने के लिए संकेत करते हैं कि वैसे ही भगवान शिव का यह दिव्य श्रृंगार तन पर लगे हुई भस्म इस मानव तन की नश्वरता की ओर संकेत है हमारा जीवन क्षण भंगुर है। पांच तत्वों से बने यह देह एक दिन मुट्ठी भर राख के भीतर बदल जाएगी।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये

**संवाददाता** हल्द्वानी। मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके। भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज हस्ताक्षर किए और इस दस्तावेज का आदान–प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से इस पर प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मसाकाजु योशिमुरा ने दस्तखत किये।

# निजी हाथों से वाहन फिटनेस का काम वापस लेने की मांग

**संवाददाता** हल्द्वानी। वाहनों की फिटनेस का काम निजी हाथों में सौपने का विरोध थम नहीं रहा है। निजी हाथों से वाहन फिटनेस का काम वापस लेने को खनन कारोबारियों ने दो विधायकों को अलग अलग ज्ञापन सौंपे।

गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने गुरुवार को भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के निवास स्थान पर पहुंचकर फिटनेस को निजी हाथों पर दिए जाने के विरोध में मामले में ज्ञापन सौंपा। साथ ही वाहन स्वामियों की समस्या को मुख्यमंत्री तक पहुंचने की मांग की। दूसरी तरफ डंपर एसोसिएशन के सदस्यों ने एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मठपाल के नेतृत्व में लालकुआं के विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन दिया गया।। इस दौरान वक्तओं ने कहा कि गौला में 7500 डंपर संचालित होते हैं। जो केवल 4—5 माह ही काम लिया जाता है। ऐसे में वाहन फिटनेस का काम निजी हाथों में सौपना पहले से आर्थिक दिक्कत झेल रहे डंपर मालिकों का ना केवल उत्पीड़न है बल्कि निजी फिटनेस कंपनी को लूट की खूली छूट देना है। सभी ने सरकार से फिटनेस को निजी हाथों से वापस लेने की मांग की है। इस दौरान हरीष बिष्ट, हरीश चौबे, मनोज पुंडीर, नीरज लोशाली, बब्लु नेगी, हरीश पांडे, पम्मी सैफी, पृथ्वी पाठक, जग्गू शर्मा, कंचन जोशी आदि मौजूद रहे।



### सड़क पर आया हाथियों का झुंड

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड के इस शहर में एक बार फिर हाथियों के झुंड से लोगों में दहशत फैल गई। गिनीमत रही कि कोई जानमाल के नुमसान के बिना ही हाथियों का झुंड वापस जंगल लौट गया। हालांकि, हाथियों के झुंड में से एक हाथी साइकिल सवार पर हमला करने वाला था, लेकिन वह बच निकला। यह पूरा हैरान करने वाला मामला हरिद्वार के पथरी क्षेत्र के मिस्सरपुर का है। गुरुवार सुबह सड़क पर हाथियों का एक झुंड आ गया था। साइकिल सवार युवक की जान बाल बाल बच गई। गनीमत रही कि हाथी साइकिल सवार के पीछे नहीं भागा। हाथियों के झुंड से बचने के चक्कर में एक साइकिल सवार हाथी के पास ही गिर गया था। झुंड में से एक हाथी साइकिल सवार की ओर जैसे भी बढ़ने वाला था लोगों ने शोर मचा दिया। लोगों की शोर सुनकर हाथी वापस जंगल की ओर लौट गया।

# मुस्लिम युवक को हिंदू लड़की के साथ घूमना पड़ गया महंगा

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड के इस शहर में एक मुस्लिम युवक को हिंदू लड़की के साथ घूमना महंगा पड़ गया। आक्रोशित लोगों ने लव जिहाद का नाम लेकर मुस्लिम युवके साथ मारपीट कर डाली। युवक का सिर भी मुंडवा दिया। सोशल मीडिया में मामला सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हरिद्वार की हरकी पैड़ी के पास गंगा घाट पर बैठे दो अलग–अलग समुदाय से जुड़े एक ब्वॉयफ्रेंड–गर्लफ्रेंड को को कुछ लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने मारपीट करते हुए मुस्लिम युवक का सिर भी मुंडवा दिया। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इधर, एसएसपी



ने मामले संज्ञान में आने पर मुकदमा दर्ज करने आदेश दिए है।

यह पूरा मामला हरकी पैड़ी के पास विष्णु घाट के पास का है, जब एक युवक और युवती घाट किनारे बैठे थे। आरोप है कि लड़की के साथ बैठे मुस्लिम समुदाय के युवक को कुछ लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने मारपीट शुरू कर दी, साथ में मौजूद युवती ने बचाने का प्रयास भी किया। यहीं नहीं, युवक को नीचे बैठाकर नाई को बुलाकर उसका सिर भी मुंडवा दिया गया। उनके साथ आए एक अन्य युवक—युवती को भी पकड़कर पूछताछ कर रहे हैं। युवक काशीपुर और लड़की बिजनौर की बताई जा रही है। पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में दिख रही युवती उन लोगों से गुहार लगाती दिखाई दे रही है, जो युवती के साथ आए युवक से मारपीट कर रहे है। मारपीट करने वाले युवक खुद को बजरंग दल के गौरक्षा से जुड़े होने की बात बोलता दिखाई दे रहा है।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का कहना है कि वीडियो के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। शहर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दे दिए गए है।

### चालक को बेहोश कर बैटरियां ले गए चोर

**संवाददाता** हरिद्वार। ई—रिक्शा चालक को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर ई—रिक्शा से बैटरियां लेकर दो आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ई—रिक्शा चालक की शिकायत पर कनखल पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। क्षेत्र की पीठ पुलिया जगजीतपुर निवासी शिवम पुत्र ज्योति प्रसाद पेशे से ई—रिक्शा चालक हैं। 19 नवंबर की देर रात वह ई—रिक्शा लेकर सिंहद्वार चौक के पास पहुंचा था। आरोप है कि वहां मिले दो युवकों ने उसे शंकराचार्य चौक तक जाने की बात कही। वह उन्हें लेकर चलने लगा। कुछ दूरी पर अंडरपास के पास पहुंचते ही उन्होंने फिर वापस सिंहद्वार पर ही छोड़ने के लिए कहा। फिर उन्होंने उसे कोल्डड्रिंक पिला दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। होश में आने पर पाया कि उसका ई—रिक्शा तो मौके पर ही खड़ा था, लेकिन उसकी बैटरियां गायब थी। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

*आपकी जिन्दगी का हर एक, दिन अच्छा हो ये कोई जरूरी नहीं है, लेकिन हर दिन हमेशा से बेहतर हो ये जरूरी है !–अज्ञात।*





# कास्ट सर्वे के आंकड़े

**इन मांगों का फायदा उठाना अलग बात है और समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ना बिल्कुल अलग। राजनीतिक नेतृत्व अगर इन दोनों के बीच फर्क करते हुए आगे बढ़ सके तो यह दूरगामी नजरिए से सबके हित में होता है।**

अनुज सनवाल।।

बिहार में कास्ट सर्वे रिपोर्ट का दूसरा हिस्सा सार्वजनिक किए जाने के ठीक बाद जिस तरह से आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग हुई और तत्काल कैबिनेट ने नए कोटा बिल को मंजूरी दे दी, वह अप्रत्याशित तो नहीं है, लेकिन उसे उचित भी नहीं कहा जा सकता। यह सही है कि कास्ट सर्वे रिपोर्ट से जुड़े शिक्षा और आर्थिक सर्वेक्षण वाले हिस्से ने भी कई चौंकाने वाले तथ्य जाहिर किए हैं। राज्य के कुल 2.76 करोड़ परिवारों में से 63.74 फीसदी ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक कमाई 10,000 रुपये भी नहीं है। यह बात भी अब आधिकारिक तौर पर स्पष्ट हो गई है कि इस आर्थिक रूप से कमजोर हिस्से का बड़ा भाग SC/ST,OBC तबकों से आता है।

लेकिन इसके बावजूद जिस हड़बड़ी में इन समुदायों के लिए 65 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया गया है, वह आगे चलकर कई तरह की जटिलताओं को जन्म दे सकता है। सामान्य स्थितियों में यह बात सही है कि शिक्षा संस्थानों में और सरकारी तंत्र में भी आबादी के सभी हिस्सों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। लेकिन यह लक्ष्य ऐसा नहीं है, जिसे किसी जादू की छड़ी के जरिए चटपट हासिल कर लिया जाए। किसी भी समाज के वहां तक पहुंचने की प्रक्रिया जटिल होती है और उसमें समय भी लगता है।



अगर आरक्षण को ही लिया जाए तो मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के एक हिस्से ने इसे हर बीमारी का इलाज मान लिया लगता है। हालांकि इसके साइड इफेक्ट हमें महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों में दिखते रहे हैं, जहां नए–नए और अपेक्षाकृत ताकतवर समूह भी खुद को वंचितों की श्रेणी में रखते हुए आरक्षण की मांग करने लगते हैं। इन मांगों का फायदा उठाना अलग बात है और समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ना बिल्कुल अलग। राजनीतिक नेतृत्व अगर इन दोनों के बीच फर्क करते हुए आगे बढ़ सके तो यह दूरगामी नजरिए से सबके हित में होता है।

अफसोस की बात है कि बिहार में जिस तरह की हड़बड़ी दिखाई गई, उसके पीछे चुनावी लाभ हासिल करने की मंशा ही ज्यादा लगती है। यह बात सभी जानते हैं कि आरक्षण पर 50 फीसदी की अधिकतम सीमा की सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अभी लागू है। ऐसे में बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित करने का व्यवहार में कोई अर्थ नहीं है सिवाय इसके कि मतदाताओं के बीच खास तरह का संदेश भेज दिया जाए।

चुनावी हितों से अलग कसौटियों पर देखें तो कास्ट सर्वे से निकले आंकड़ों को नीति का आधार बनाने से पहले कई और स्तरों पर परखे जाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग का मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स बिहार में गरीबी का प्रतिशत 51.91 बताता है। यह कास्ट सर्वे के आंकड़े (63.74 फीसदी) से इस मायने में भी अलग है कि इसमें कई इंडिकेटर्स को आधार बनाया गया है जबकि कास्ट सेंसस डेटा सिर्फ मंथली इनकम पर आधारित है।

## तुलसी विवाह

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** तब से तुलसी जी की पूजा सभी करने लगे और तुलसी जी का विवाह शालिग्राम जी के साथ कार्तिक मास में किया जाता है। देवउठनी एकादशी के दिन इसे तुलसी विवाह के रूप में मनाया जाता है। क्यों की जाती है तुलसी माता की पूजा। तुलसी और तुलसी पूजन का पूरे भारत मे बहुत बड़ा महत्तव है। तुलसी माता की पूजा घर मे सुख शांति और समृद्धि तथा मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए और घर मे कलेस को दूर करने के लिए भी इसकी पूजा की जाती है। तुलसी पूजन दिवस 25 क्मबमउइमत को भारत मे मनाया जाता है। इस दिन इसाइयों का मुख्य पर्व "क्रिसमस" भी होता है। तुलसी जी का पौधा वैज्ञानिक, धार्मिक,और औषधीय उपचार के रूप से प्रसिद्ध तथा महत्तवपूर्ण है। वैसे तो तुलसी की पूजा घर मे हमेशा करनी चाहिए।

## संपादकीय

### पॉप्युलर पॉलिटिक्स

प्रियंका गांधी हों या राहुल गांधी, उन्हें भरोसा है कि उनकी गारंटी योजना उनकी सत्ता के सूखे को खत्म करेगी। वैसे भी कांग्रेस इन दिनों वाम मार्गी सोच के साथ आगे बढ़ रही है। उस सोच में राजकोष पर पड़ रहे दबाव के बजाय जनता को राहत और उसका पॉप्युलर समर्थन ज्यादा मायने रखता है। राहुल गांधी का जाति जनगणना की मांग करना भी इसी पॉप्युलर पॉलिटिक्स का विस्तार है। कांग्रेस गारंटी और जाति के सहारे देश की राजनीति को अपने कब्जे में लेने की कोशिश में है। गारंटी का असर यह हो रहा है कि राज्यों में नियमित विकास कार्य रुक रहे हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक में पानी की कमी है, लेकिन पानी से जुड़ी योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त पैसे नहीं हैं। गारंटी से फायदा उठा रही जनता को इससे ज्यादा लेना–देना नहीं रहता। जब बदहाली होती है तो राज्य सरकारें केंद्र को जिम्मेदार ठहराने लगती हैं। जैसे कर्नाटक सरकार भी जल समस्या के लिए केंद्र को ठहरा रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार भी ऐसा ही करती रही है। देखना यह है कि बीजेपी देश की सबसे पुरानी पार्टी के नव वाम चिंतन का कितना और कैसा जवाब दे पाती है।

**किसी पार्टी विशेष का कोई फॉर्म्युला अगर एक बार सत्ता की सीढ़ी बन गया तो पार्टी चुनावी अभियान में उसे बार–बार लागू करने लगती है। गारंटी स्कीम कांग्रेस का ऐसा ही फॉर्म्युला है, जिसकी बुनियाद पर पार्टी ने कर्नाटक में जीत हासिल की।**

# वादों का अर्थशास्त्र

उमेश चतुर्वेदी।।

कुछ साल पहले तक मुंबइया सिनेमा का प्रमुख आधार फॉर्म्युला होता था। किसी खास फॉर्म्युले पर फिल्म हिट हुई नहीं कि हर छोटा–बड़ा निर्माता उसी फॉर्म्युले को दोहराने लगता था। राजनीति भी कुछ उसी अंदाज में चलती है। किसी पार्टी विशेष का कोई फॉर्म्युला अगर एक बार सत्ता की सीढ़ी बन गया तो पार्टी चुनावी अभियान में उसे बार–बार लागू करने लगती है। गारंटी स्कीम कांग्रेस का ऐसा ही फॉर्म्युला है, जिसकी बुनियाद पर पार्टी ने कर्नाटक में जीत हासिल की। जीत की वजह बने इस फॉर्म्युले को अब पार्टी दूसरे राज्यों में भी आजमा रही है। चाहे छत्तीसगढ़ की आठ गारंटी हों या राजस्थान की सात गारंटी या फिर मध्य प्रदेश के ग्यारह वचन, सब कर्नाटक फॉर्म्युले का ही विस्तार हैं।

कांग्रेस इन राज्यों की जनता से जो वादे कर रही हैं, उन पर मोटी रकम खर्च होने वाली है। सवाल यह है कि इन गारंटियों को पूरा करने के लिए कांग्रेस की सरकारें धन कहां से लाएंगी।

कर्नाटक के लिए जब कांग्रेस ने पांच गारंटी का वादा किया, तब अनुमान लगाया गया था कि उस पर 62 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रकम राज्ध्य के कुल बजट का करीब 20 फीसदी होती। हालांकि कांग्रेस का कहना था कि इस पर राज्य के कुल बजट का करीब पंद्रह फीसदी ही खर्च होगा। हिमाचल प्रदेश में पार्टी ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने और महिलाओं को मासिक सहायता भत्ता देने का वादा किया था। वहां भी सरकार आर्थिक बोझ से जूझने लगी है।



दरअसल, गारंटियों पर राज्यों के भारी–भरकम खर्च बढ़ने के बाद उनका आर्थिक ढांचा गड़बड़ा रहा है। इस पर आंकड़ों की रोशनी में ठीक से गौर करने की जरूरत है। राज्य पर पहले से ही करीब पांच लाख करोड़ का कर्ज है।

हिमाचल प्रदेश पर करीब 75 हजार करोड़ का कर्ज है। राज्य की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने साल 2023–24 के लिए जो बजट पेश किया, उसके अनुसार राज्य का राजकोषीय घाटा नौ हजार नौ करोड़ होने का अनुमान है। अब जरा उन राज्यों पर भी नजर डालते हैं, जहां विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं और कांग्रेस गारंटियों की बरसात कर रही है।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश ने 2019 से 2022 के बीच 89 हजार 444 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। राजस्थान ने इसी अवधि में एक लाख 47 हजार 600 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। छत्तीसगढ़ ने 28 हजार 680 करोड़ और तेलंगाना ने दो लाख 37 हजार 402 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। इन राज्यों पर मार्च, 2023 तक के कुल कर्ज भी ध्यान दिया जाना चाहिए। रिजर्व बैंक के अनुसार इस अवधि तक मध्य प्रदेश पर कुल 3 लाख 78 हजार 617 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों पर कुल कितना खर्च आएगा, इसका अभी अर्थशास्त्रियों ने समेकित अनुमान नहीं लगाया है। लेकिन यह तय है कि यह रकम लाखों करोड़ रुपये होगी। इन गारंटियों पर खर्च होने वाली रकम कहां से आएगी? इसका कोई रोड मैप कांग्रेस के पास नहीं है। अगर होता तो कर्नाटक या हिमाचल की सरकारों की ओर से दिख गया होता। कुछ ऐसी ही गारंटी पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी दी। सचाई यह है कि जिन राज्यों में भी गारंटियां दी गईं और गारंटी देने वाली पार्टी की सरकार आई, उनकी आर्थिक स्थिति डांवाडोल है।

### अष्टयोग- 5109

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### बेखौफ माफिया

**मोहन।** भारत में नकली या मिलावटी सामानों के लिए 2006 में कम से कम 10 लाख जुर्माना और 6 महीने की सजा की व्यवस्था की गई। वहीं, PFA एक्ट की धारा 7/16 में 3 साल तक की सजा की व्यवस्था हुई। लेकिन सारी कवायद सुस्ती, लाचारी या भ्रष्टाचार के हाथों दम तोड़ती दिखती है क्योंकि नकली और एक्सपायर सामान मार्केट में भरे पड़े हैं, जिनकी तीज–त्योहारों को छोड़ जल्दी कभी जांच ही नहीं होती। सवाल है कि मौत का यह कारोबार कब बंद होगा? कौन सी सरकार या व्यवस्था इन पर लगाम कसेगी? या फिर ऐसी उम्मीद करें कि खुद नकली दवा के कारोबारी सुधर जाएंगे? जाहिर है, ऐसी उम्मीद बेमानी है। तरीका यह है कि अमेरिका की ही तरह ऐसे मामलों पर तेजी से सजा मिलने की व्यवस्था की जाए, नहीं तो मिलावट माफिया यूं ही बेखौफ रहेंगे। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद जिन अफगानियों ने महफूज रहने के लिए पाकिस्तान में पनाह ली थी, अब उन्हें वहां से भगाया जा रहा है।





## कार्तिक आर्यन ने कटोरी संग मनाया अपना 33वां हैप्पी बर्थडे

भूल भुलैया 2 एक्टर कार्तिक आर्यन अपना 33वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की हैं। इसमें वह अपने पालतू कुत्ते कटोरी के साथ दिखाई दे रहे हैं। साथ ही हाथ जोड़कर सभी को शुक्रिया कह रहे हैं, सबका आभार व्यक्त कर रहे हैं। वहीं, फैन्स भी जमकर उन पर प्यार लुटा रहे हैं। हर कोई उन्हें बर्थडे विश कर रहा है। कार्तिक ने जो फोटो पोस्ट की है उसमें वह गोद में चॉकलेट केक लिए बैठे नजर आ रहे हैं। केक पर मोमबत्ती फूंकने से पहले वह हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिखाई दे रहे हैं। काला पायजामा और टी–शर्ट पहने एक्टर के साथ उनकी पालतू कटोरी भी है। फोटो शेयर करते हुए कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी के प्यार के लिए आभारी हूं। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम एक्टर्स ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हाल ही में फिल्म कम्पैनियन को दिए इंटरव्यू में एक्टर ने बताया था कि वह खुद को जन्मदिन के मौके पर एक कार गिफ्ट करना चाहते हैं लेकिन उनकी मां ने खरीदने नहीं दिया। उन्होंने कहा था, श्मैं अपने जन्मदिन पर कार खरीदना चाहता था लेकिन मम्मी ने यह कहकर मना कर दिया कि पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा, शायद अगले साल या कुछ समय बाद, लेकिन अभी नहीं ले सकते। मुझे यह भी पता नहीं है कि मेरे पास कितने पैसे हैं, मुझे नहीं पता कि कौन सा अकाउंट है।

## वो इंटीमेट सीन जिससे बंगाली बाला ने मचा दी थी सनसनी

त्रिधा चौधरी, वो नाम हैं जिन्होंने टीवी से करियर की शुरुआत की और फिर फिल्मों और वेब सीरीज में धूम मचाई। हालांकि फेम उन्हें डिजिटल युग में मिला। 22 नवंबर 1993 में जन्मी त्रिधा चौधरी ने सनी देओल के भाई बॉबी देओल के साथ इंटीमेट सीन देकर सनसनी मचा दी थी। लेकिन क्या आपको उनका वो टीवी सीरियल याद है जिसकी वजह से वह घर घर तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो पाई थीं। चलिए बताते हैं त्रिधा चौधरी के बर्थडे पर ये रोचक किस्से। त्रिधा चौधरी कलकत्ता से आती हैं। उन्होंने वहीं से अपनी पढ़ाई लिखाई पूरी की। आपको जानकर हैरानी होगी कि वह ब्यूटी विद ब्रेन हैं। वह माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। लेकिन उन्होंने उस करियर को छोड़ एक्टिंग और मॉडलिंग में करियर संवारा। आश्रमश फेम एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अभी कुंवारी हैं।

## झलक दिखला जा 11 के एलिमिनेशन को कविता कौशिक ने बताया गलत



डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 को शुरू हुए दो हफ्ते हो गए हैं। इसके चार एपिसोड भी टेलीकास्ट हो गए हैं। अब तीसरा हफ्ता शुरू होने वाला है। ऐसे में इस शो का पहला एलिमिनेशन भी हुआ। बताया जा रहा है कि आमिर अली शो से निकलने वाले पहले कंटेस्टेंट बने हैं। हालांकि अभी एपिसोड ऑनएयर होना है लेकिन उसके पहले ही ये बात आग की तरह लोगों के बीच पहुंच चुकी है। कविता कौशिक ने इस पर रिएक्शन दिया है। कॉमिक शो एफआईआर फेम कविता कौशिक ने अपने को–एक्टर आमिर खली के एविक्शन पर रिएक्ट किया है। उन्होंने इसे अनफेयर बताया है। उन्होंने कहा कि ये सही नहीं हुआ है। वह बहुत ही मेहनती और कमाल का डांसर है। ये बहुत ही जल्दी हुआ और उसे खुद को साबित करने का मौका भी नहीं मिला। जबकि अरशद वारसी, जो कि शो को जज कर रहे हैं, उनको पहले ही चांस में आमिर ने इम्प्रेस कर दिया था। अरशद ने आमिर अली से कहा था, मैं आमिर को पहले भी जज कर चुका हैं और मुझे इसकी क्षमता पता है। ये शो में बहुत आगे तक जाएगा। आमिर तुम अभी भी पहले जैसे दिखते हो। तुम आदमी से अनिल कपूर होते जा रहे हो। साथ ही एक किस्सा भी सुनाया था, मुझे याद है कि जब ये परफॉर्म कर रहा था, ये एक सीक्वेंस में बिना शर्ट के आया था और सभी हैरान रह गए थे। इसके एब्स वगैरह जबरदस्त थे। बहुत ही अच्छा लग रहा था।

# जूही चावला को देखते ही दिल दे बैठे थे आर माधवन



द रेलवे मैन सीरीज के लीड एक्टर आर माधवन ने खुलासा किया कि एक वक्त ऐसा था जब वह जूही चावला संग शादी करना चाहते थे। वह इतना ज्यादा बेकरार थे कि उन्होंने ये बात अपनी मां से भी जाकर कह दी थी। उन्होंने तो मां से ये भी कह डाला था कि बस जूही चावला संग शादी करना ही उनका इकलौता मकसद है। आखिर क्या किस्सा है, क्या हुआ था और खुद एक्टर ने क्या बताया, सब जानिए।

**एक्ट्रेस संग शादी के लिए मां से कर ली थी बात**

नेटफ्लिक्स की सीरीज द रेलवे मैन में जूही चावला भी है। को–एक्ट्रेस के बारे में बात करते हुए आर माधवन ने अपने क्रश के बारे में बताते हैं। उन्होंने कहा, मैं जूही जी और सबके सामने ये कनफेस करना चाहता हूं कि जब मैंने इनकी कयामत से कयामत तक देखी तो मैंने जाकर मां से कहा था कि मैं जूही चावला से शादी करना चाहता हूं। मेरा तो एक ही मकसद था कि मैं कैसे भी जूही संग शादी कर लूं।

**वो फिल्म, जिसकी बात आर माधवन ने की**

मालूम हो कयामत से कयामत तक में जूही चावला के साथ आमिर खान लीड रोल में थे जिसे मंसूर खान ने डायरेक्ट की थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी सुपरहिट साबित हुई थी और साल 1988 की पांच सबसे बड़ी फिल्मों में शुमार हो गई



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

थी। फिलम को 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स भी मिले थे जिसमें जूही चावला ने बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड जीता था।

**आर माधवन का डेब्यू**

जब कयामत से कयामत तक रिलीज हुई, तब माधवन ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत नहीं की थी। एक्टर ने फिल्मों से नहीं बल्कि टीवी से ही डेब्यू किया था। पहला शो उनका Yule Love Story था और फिर वह साल 193 से 1997 तक बनेगी अपनी बात में नजर आए। इसके बाद वह अमेरिकन फिल्म Inferno से डेब्यू करके चमक गए थे।

# डेंगू के कारण अस्पताल में भर्ती हुईं भूमि पेडनेकर

*भूमि पेडनेकर को डेंगू हो गया है, जिसके कारण वह अस्पताल में भर्ती हैं। एक्ट्रेस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी हालत बयां की है। साथ ही अस्पताल के बेड से अपनी तस्वीरें भी शेयर की हैं। भूमि ने बताया कि वह बीते 8 दिन से डेंगू की चपेट में हैं।*



एक्ट्रेस भूमि पेडनकर इस वक्त अस्पताल में भर्ती हैं। दरअसल उन्हें डेंगू हो गया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अस्तपाल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर शेयर की और बताया कि उन्हें डेंगू हुआ है। भूमि ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से इसकी चपेट में हैं और ये दिन उनके लिए बेहद तकलीफ वाले रहे हैं। भूमि ने फैंस से अपील की कि वो बढ़ते प्रदूषण के बीच अपनी सेहत का ध्यान रखें। भूमि पेडनकर ने इंस्टाग्राम पर दो सेल्फी शेयर कीं। इनमें वह अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हैं। साथ में उन्होंने लिखा, एक डेंगू के मच्छर ने मुझे 8 दिन का तगड़ा टॉर्चर दे दिया। लेकिन आज मुझे अच्छा महसूस हुआ और मैंने एक सेल्फी क्लिक की।

**भूमि ने की फैंस से ख्याल रखने की अपील**

भूमि पेडनेकर ने आगे लिखा है, दोस्तों, प्लीज ध्यान रखा क्योंकि पिछले कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। अपनी इम्युनिटी एकदम सही रखो। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण हमारी इम्युनिटी भी कम हो गई है। हाल–फिलहाल में बहुत से लोगों को डेंगू हुआ है। एक बार फिर एक सूक्ष्म वायरस ने मेरी हालत खराब कर दी।

**फैंस और सेलेब्स ने किया रिएक्ट**

भूमि पेडनेकर के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स के खूब रिएक्शन आ रहे हैं, और वो एक्ट्रेस के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। दोस्तों ने भूमि पेडनेकर को अपना ख्याल रखने और पूरा आराम करने की सलाह दी।

**भूमि की आने वाली फिल्में**

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो भूमि पेडनेकर हाल ही फिल्म श्थैंक यू फॉर कमिंगश और श्द लेडी किलरश में नजर आई थीं। अब वह श्मेरी पत्नीश के रीमेक के अलावा श्भक्षकश में नजर आएंगी।

# स्ट्रेस होते ही करें ऊॅं का जाप, दिमाग एकदम हो जाएगा शांत



**जाप करने का फायदा**
ऊॅं का जाप मन को शांत करने वाला है, इससे नींद बेहतर आती है और इमोशन में बैलेंस रहता है। तनावपूर्ण परिस्थितियों में मन शांत रहने लगता है। फोकस बेहतर हो जाता है। मेमोरी पावर और कंसंट्रेशन में सुधार होता है। नेगेटिव विचार दूर होकर पॉजिटिविटी बढ़ती है। ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में भी मदद करता है।

*योग गुरू मेंटल डिसऑर्डर के बढ़ते खतरे से बचने के लिए ऊॅं का जाप करने की सलाह देते हैं। इससे तनाव कम होता है, नींद बेहतर आती है और मन शांत रहता है। यह तरीका मेमोरी पावर और कंसंट्रेशन को बढ़ाता है, नेगेटिव विचारों को दूर करता हैं और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।*

देश में मानसिक विकार (मेंटल डिसऑर्डर) तेजी से बढ़ रहे हैं। मानसिक विकार को लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं, जिसका परिणाम कई बीमारियों के रूप में सामने आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप तनाव से मुक्त हों। तनाव से मुक्त होने का सबसे आसान तरीका है एक जाप ऊॅं का जाप।

**जाप करने का तरीका**
- कमर–गर्दन सीधा कर आंखें बंद कर बैठ जाएं और लंबा–गहरा सांस भरें।
- फिर सांस निकालते हुए की आवाज करें। इसके लिए पहले पूरा मुंह खोलें और आवाज करें तो यह ध्वनि 'अ' की होगी।
- फिर मुंह, होठों को गोल बनाएं 'अ' की गूंज उं में बदल जाएगी। फिर मुंह बंद कर ध्वनि करते रहें, तब यह ध्वनि 'म' में बदल जाएगी।
- इस प्रकार ऊॅं का उच्चारण कीजिये। 21 बार पूरी लीनता से यह गूंज कर लें।

**इन टिप्स को जरूर फहलो करें**
- जैसा हम सोचते हैं वैसा ही बन जाते हैं, इसलिए विचारों को ध्यान दो।
- शिकायतें मन को हिलाती है और शुक्राना मन को शांत करता है।
- दिन भर उत्साह, उमंग, उल्लास, प्रेम और साहस से भरे रहो और जिससे भी मिलों उसमें भी उत्साह भर दो।
- जरूरत का बोलो, मीठा बोलो, आपके शब्द सुगंध जैसे महकने चाहिए।

# खराब तकिया लगाने से लचक सकती है रीढ़, अकड़ सकती है गर्दन

*रात में तकिया लगाकर सोने की आदत को बढ़ावा दिया जाता है क्योंकि यह नींद और स्लीप क्वॉलिटी को बेहतर बनाता है। तकिया चुनते समय शरीर की प्राकृतिक आकृति को ध्यान में रखना चाहिए। मेमोरी फोम, लेटेक्स और फेदर तकिये लोकप्रिय विकल्प हैं जो शरीर की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। तकिये के कम्फर्ट की जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**सही तकिया चुनने का महत्व**
ज्यादातर लोगों को रात में तकिया लगाकर सोने की आदत होती है, बिना तकिया लगाए मानों उन्हें नींद ही नहीं आती। नींद और तकिये के बीच एक गहरा नाता सा दिखता है। एक बढ़ियां क्वालिटी का तकिया आपकी स्लीप क्वॉलिटी को भी बढ़ाता है, जो बदले में, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली, मेंटल हेल्थ और समग्र जीवन शक्ति को प्रभावित करता है। हालांकि आपका तकिया आपको सीधे तौर पर बीमार नहीं कर सकता है, लेकिन यह शारीरिक परेशानी और समस्याओं में इजाफा जरूर कर सकता है। अधिकांश लोग करवट लेकर सोना पसंद करते हैं, और इसके लिए गद्दे के बीच के अंतर को कम और सिर को सहारा देने के लिए उचित ऊंचाई के तकिये का उपयोग करना जरूरी हो जाता है।

**तकिये का उपयोग करना महत्वपूर्ण**
भाटिया अस्पताल मुंबई के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आरएच चौहान ने



बताया कि सही तकिये का उपयोग न करने पर सिर को सहारा नहीं मिल पाता या या हमारा सिर नीचे की ओर झुक सकता है, जिससे संभावित रूप से गर्दन में दर्द, चक्कर आना और यहां तक कि ऊपरी अंगों में दर्द और सुन्नता हो सकती है। भले ही आप अपनी पीठ के बल सोते हों, सर्वाइकल स्पाइन को सीधा बनाए रखने के लिए तकिये का उपयोग करना महत्वपूर्ण है।

**अतिरिक्त मोटे तकिए का उपयोग क्यों खराब**
हालांकि, अतिरिक्त मोटे तकिए का उपयोग करने से असुविधा, गर्दन में दर्द और यहां तक कि ऊपरी अंगों में सुन्नता और कमजोरी हो सकती है। ये प्रभाव मुख्य रूप से सर्वाइकल स्पाइन की असामान्य स्थिति के कारण होते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो खराब फिटिंग वाले तकिए से गर्दन और रीढ़ की हड्डी को अनुचित सहारा मिलने के अलावा, इसमें धूल के कण, एलर्जी या यहां तक कि फफूंद भी जमा हो सकता है जो एलर्जी, अस्थमा या सांस संबंधी समस्याओं को ट्रिगर कर सकता है, जिससे बार–बार बीमारी हो सकती है।

**क्या किया जा सकता है?**
डॉ. चौहान इस बात पर जोर देते हैं कि आपकी सोने की स्थिति के अनुरूप सही तकिया चुनना इसलिए जरूरी है जिससे रात की अच्छी नींद तो आए ही साथ में कुछ हेल्थ प्रॉब्लम्स जैसे चक्कर आना और गिरने और संबंधित चोटों के जोखिम को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।

**सही तकिया कैसे चुनें?**
ऐसा तकिया चुनें जो आपके शरीर की प्राकृतिक आकृति के अनुरूप गर्दन और रीढ़ को उचित सहारा दें। मेमोरी फोम, लेटेक्स और फेदर तकिए लोकप्रिय विकल्प हैं जो आपकी शरीर की तरह तरह की समस्याओं को देखते हुए पूरा करते हैं। खरीदने से पहले तकिए के कम्फर्ट का परीक्षण करना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपके लिए बिल्कुल उपयुक्त है।



## ये चीजें खाती रही महिला, बिना कुछ किए 22 किलो कम हो गया वजन

कई साल पहले ळमद ब्वीमद नाम की महिला का वजन 100 किलो के आसपास पहुंच गया था। खाने की गलत आदतों की वजह से वजन कम होने का नाम नहीं ले रहा था। कई उपाय अजमाकर भी देख लिए लेकिन उसका वजन कई वर्षों तक घटता–बढ़ता रहा। सिचुएशन ऐसी हो गई थी कि कभी कम हो जाता था और कुछ दिनों बाद फिर बढ़ जाता था। अपने बढ़ते मोटापे से तंग आकर महिला ने सख्ती के साथ अपने फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया। इसके लिए उसने सबसे पहला काम अपनी डाइट पर किया, जिसकी बदौलत उसने कुछ सालों में लगभग 22 किलो वजन कम कर लिया। ध्यान रहे कि एक हेल्दी डाइट ही वास्तव में वजन कम करने या कंट्रोल करने का सबसे पहला रूल है। कोहेन ने बताया कि उसने कम कैलोरी वाली चीजें खानी शुरू की जिसमें प्रोटीन की मात्रा भरपूर होती थी। मजे की बात यह है कि उसने अपनी डाइट से कुछ अलग नहीं किया, बस खाने–पीने का तरीका बदल दिया, जिससे उसे जबरदस्त फायदा हुआ। चलिए जानते हैं कि उसका डाइट प्लान कैसा रहा। कोहेन का कहना है कि उन्होंने 80/20 सिद्धांत का पालन करते हुए अपना वजन कम किया है। 80 प्रतिशत समय पौष्टिक भोजन करना और शेष 20 प्रतिशत समय वह खाना जो वह चाहती हैं।

## नमक से ज्यादा जहरीली हैं ये ड्रिंक्स, रॉकेट की रफ्तार से बढ़ाती हैं ब्लड प्रेशर

आमतौर पर कहा जाता है कि हाइपरटेंशन की समस्या तनाव के कारण उबरती है, लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ पेय पदार्थ भी हैं, जिनका नकारात्मक प्रभाव हमारे ब्लड प्रेशर लेवल पर पड़ता है। तो आइए यहां जानते हैं उन अनहेल्दी ड्रिंक्स के बारे में, जिनका सेवन करने से पहले आपको कई बार सोचना चाहिए। क्योंकि ये आपके बीपी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। कई लोगों को चाय की जगह कॉफी पीने की आदत होती है। हम सभी जानते हैं कि कॉफी आलसी शरीर में एक्टिवनेस लाने का काम करती है। लेकिन बहुत ज्यादा कॉफी बीपी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। इतना ही नहीं, यह समस्या आगे चलकर चिंता, घबराहट और नींद की समस्या में बदल जाती है। नमक की तरह चीनी भी शरीर के लिए जरूरी है, लेकिन ज्यादा मात्रा में इसका सेवन भी कई बीमारियों की जड़ है।

## डायबिटीज को जड़ से उखाड़ देंगे, रोज चबाएं इंसुलिन से भरे ये पत्ते



डायबिटीज एक लाइलाज बीमारी है, जो शरीर को गंभीर तरीके से नुकसान पहुंचाती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने बताया कि दुनिया के लगभग 42 करोड़ लोगों को मधुमेह है और इन्हें अपनी लाइफस्टाइल की जरूरी देखभाल करनी चाहिए। ऐसे लोग दवा और एक्सरसाइज के साथ कुछ आयुर्वेदिक उपायों की मदद भी ले सकते हैं। आयुर्वेद के अंदर 9 पत्तों के रस में एंटी डायबिटिक असर पाया गया है। जिसका मतलब है कि इनके उपयोग से शुगर को बढ़ने से रोका जा सकता है। इन हरे–हरे पत्तों में से अधिकतर आपको घर के आसपास मिल जाएंगे। यह बॉडी को बीमार पड़ने से भी बचाते हैं। इन्हें पीसकर या चबाकर खा सकते हैं, आइए जानते हैं। एलोवेरा के पत्तों से लाभकारी जेल मिलता है। यह स्किन और बालों की समस्या दूर करता है। 2012 में नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन पर एक स्टडी पब्लिश हुई, जिसमें इनके अंदर डायबिटीज मैनेज करने की क्षमता भी पाई गई। मरीजों को इसका सेवन करने पर अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। डायबिटीज में सीताफल के पत्तों को दवा की तरह माना गया है। कई जगहों पर इस फल को शरीफा भी कहा जाता है। इसके पत्तों में फ्लेवेनोइड्स होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इंफ्लामेशन से बचाते हैं। यह डायबिटीज के नकारात्मक प्रभावों को खत्म कर सकते हैं। कार्ब्स और ग्लूकोज का सेवन ब्लड में शुगर स्पाइक कर देता है। जिससे खाने के बाद ब्लड ग्लूकोज अचानक बढ़ जाता है।



**तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर एक**

भारतीय टीम राहुल द्रविड़ की कोचिंग में ही तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर एक टीम बनी। अभी तक भारत के अलावा सिर्फ साउथ अफ्रीका की टीम ही ऐसा कर सकी है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट को एक साथ महत्वता दी। उनकी कोचिंग में भारत ने वनडे में दो बार 300 रनों से जीत हासिल की।

## राहुल द्रविड़ की कोचिंग को हमेशा किया जाएगा याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक था। टीम नॉकआउट भी नहीं पहुंच पाई। उसके ठीक बाद राहुल द्रविड़ को भारतीय टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी मिली। उनका कॉन्ट्रेक्ट दो साल का था और वर्ल्ड कप 2023 के साथ खत्म हो गया। इस दौरान भारतीय टीम आईसीसी इवेंट तो नहीं जीत पाई लेकिन कई वजहों से राहुल द्रविड़ की कोचिंग को लंबे समय तक याद किया जाएगा। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने बीसीसीआई को साफ कर दिया है कि अब हेड कोच की भूमिका आगे नहीं लेना चाहते। राहुल द्रविड़ की कोचिंग की यही खासियत रही है। जीत में वह हमेशा बैकसीट पर नजर आते थे। लेकिन टीम की हार के बाद खुदपर पूरी जिम्मेदारी लेते दिखे। 2022 टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल हो या फिर 2023 वर्ल्ड कप का फाइनल, टीम की हार के बाद राहुल द्रविड़ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए। अपनी बैटिंग जैसी धैर्यता के साथ उन्होंने सवालों के जवाब दिए। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप 2023 में अलग ब्रांड की क्रिकेट खेली। हर एक खिलाड़ी को अपनी जिम्मेदारी पता थी। भले ही खिताबी मुकाबले में टीम हार गई लेकिन टूर्नामेंट में कोई भी टीम उसके आसपास भी नजर नहीं आई।

# हार का दर्द... अब भी फाइनल की टीस बरकरार

**क्रिकेट**

## कुलदीप यादव बोले उबरने में लंबा समय लगेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार का दर्द अब भी भारतीय फैंस के जेहन में ताजा है। खुद टीम इंडिया के खिलाड़ियों को इस सदमे से बाहर आने में अभी थोड़ा वक्त और लगेगा। वर्ल्ड कप में भारत के सभी 11 मैच खेलते हुए 15 विकेट झटकने वाले चाइनामैन कुलदीप यादव ने भी माना किऑस्ट्रेलिया से मिली खिताबी हार की टीस लंबे समय तक सताते रहेगी और यह उन्हें अगले मौके तक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

कुलदीप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'चेन्नई से अहमदाबाद तक हमारी यात्रा का नतीजा




निराशाजनक रहा, लेकिन हमें छह हफ्तों की अपनी उलब्धियों पर गर्व है। इस दर्द के बावजूद हम अगले मौके के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' कलाई के इस स्पिनर ने लिखा, 'हार का दर्द सालता रहेगा, लेकिन हमें आगे बढ़ना होगा, जीवन चलता रहता है और पीड़ा से उबरने में समय लगता है।'

कुलदीप ने कहा कि इस हार से निपटना मुश्किल था। उन्होंने कहा, 'विश्व कप काफी खूबसूरत था, लेकिन ऐसा लगता है कि भगवान की कुछ और ही योजना थी। अब 'स्विच ऑफ' करके 'रिचार्ज' होने का समय है। इस हार से निपटना मुश्किल है, लेकिन आगे की यात्रा के लिए हमारा भरोसा कायम है।'

भारत ने लगातार 10 मैच जीते लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा घरेलू समर्थकों के सामने हुए फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप ने कहा, 'हमारे सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया, हम हर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार थे और उनकी प्रतिबद्धता ने बतौर खिलाड़ी हमारा भरोसा बढ़ाया। सभी नौ स्टेडियम में प्रशंसकों के प्यार ने हमारे दिल को छू लिया और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ से बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। हम दुनिया भर के जुनूनी प्रशंसकों और हर भारतीय परिवार के समर्थन के लिए आभारी हैं।'

# फिर विवादों में क्रिकेटर श्रीसंत, 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी एस. श्रीसंत और उनके दो सहयोगियों के खिलाफ उत्तरी केरल के एक जिले में पुलिस ने धोखाधाड़ी की शिकायत दर्ज की है। कन्नूर जिले के चूंडा निवासी शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजीव कुमार और वेंकटेश किनी ने कर्नाटक के कोल्लूर में एक खेल अकादमी खोलने के बहाने उनसे 25 अप्रैल 2019 से अलग-अलग तारीखों को कुल 18.70 लाख रुपये वसूल लिए। इस प्रोजेक्ट में श्रीसंत की भी पार्टनरशिप थी।

शिकायतकर्ता सरीश गोपालन के अनुसार, उन्होंने उक्त खेल अकादमी में श्रीसंत के साथ पार्टनर बनने की उम्मीद से पैसे निवेश किए थे। अब श्रीसंत सहित तीनों

**पीछे पड़ी पुलिस, 420 के केस में आरोपी**

पर आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज हो गया है, जो धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति हड़पने के लिए प्रेरित करने से संबंधित है। श्रीसंत इस मामले में तीसरे आरोपी के रूप में सूचीबद्ध हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

श्रीसंत फिलहाल रिटायर्ड खिलाड़ियों की लीग यानी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में दम दिखा रहे हैं। बुधवार रात टूर्नामेंट के चौथे मैच में गुजरात जायंट्स की ओर खेलते हुए भिलवाड़ा किंग्स के खिलाफ एक विकेट लेते हुए उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच में भिलवाड़ा किंग्स को जीत के लिए आखिरी ओवर में 14 रन चाहिए थे। मगर श्रीसंत ने पहली गेंद पर छक्का खाने के बावजूद जबरदस्त वापसी की और सिर्फ 10 रन देते हुए अपनी टीम की जीत की स्क्रिप्ट लिख डाली।


2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे श्रीसंत का विवादों से पुराना नाता रहा है। आईपीएल के पहले संस्करण यानी साल 2008 में एक मैच के बाद हरभजन सिंह ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था। साल 2013 में आईपीएल के दौरान राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगा, जिसके बाद श्रीसंत और उनके दो अन्य साथी क्रिकेटर अजीत चंदीला और अंकित चव्हाण को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। बीसीसीआई की जांच में दोषी पाए जाने के बाद तीनों पर आजीवन प्रतिबंध भी लगा था।

## वर्ल्ड नंबर-1 टी20 गेंदबाज राशिद खान हुए चोटिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने पीठ में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया की टी20 बिग बैश लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। राशिद खान को छोटी सर्जरी की जरूरत है। दुनिया के नंबर-1 टी20 इंटरनेशनल रैंक वाले गेंदबाज राशिद खान को बीबीएल में लगातार सातवें साल एडिलेड स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व करना था। बीबीएल के सीजन की शुरुआत अगले महीने होगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स के महाप्रबंधक टिम नीलसन ने राशिद खान को सीजन से खोने पर निराशा जाहिर की है। नीलसन ने अपने बयान में कहा, राशिद खान स्ट्राइकर्स के चहेते सदस्यों में से एक हैं और उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। वो हमारे साथ सात सालों से हैं, तो इस सीजन में उनकी काफी कमी खलेगी। राशिद खान को एडिलेड और स्ट्राइकर्स से प्यार है। हम जानते हैं कि उन्हें बीबीएल में खेलना कितना पसंद हैं। हम उन्हें चोट का उपचार कराने के लिए समर्थन देते हैं ताकि लंबे समय तक खेल में वो शामिल रहे।

## न्यूज डायरी





### पाकिस्तानी क्रिकेटर अपनी हरकतों से नहीं आ रहा बाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद भारतीय टीम पर निशाना साधा है। अब्दुल रज्जाक ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के हाथों वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारत की हार का मतलब है कि क्रिकेट जीत गया। अब्दुल रज्जाक से हाल ही में वर्ल्ड कप फाइनल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने भारत पर घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का आरोप लगाया और कहा कि अगर भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता तो यह क्रिकेट का दुखद पल होता। अब्दुल रज्जाक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले वो बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय के बारे में भी विवादित बयान दे चुके हैं। ऐश्वर्या राय पर विवादित बयान देने के बाद रज्जाक की काफी आलोचना हुई थी, जिस पर पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर ने माफी मांगी थी। अगर सही बात करें तो आज क्रिकेट जीता है। आप कंडिशंस को अपनी तरह से उपयोग करे, ये कभी भी होना नहीं चाहिए। अगर आज भारत जीत जाता तो फिर क्रिकेट जो है ना वो इंडिया की तरफ हो जाती। खुशी इस चीज की है कि आज अगर इंडिया जीत जाती ना तो हमें बहुत ज्यादा अफसोस होता।

### मार्लन सैमुअल्स पर आईसीसी ने लगाया 6 साल का बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज टीम के वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी पर आईसीसी ने कड़ा एक्शन लेते हुए उन पर 6 साल का बैन लगा दिया है। ये पूर्व खिलाड़ी और कोई नहीं, बल्कि मार्लन सैमुअल्स ही हैं, जिन्होंने साल 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन हाल ही में ईसीबी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के दोषी पाए जाने के बाद उन्हें 6 साल के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से बाहर कर दिया गया है। दरअसल, एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के एंटी करप्शन कोड का उल्लघंन करने की वजह से आईसीसी ने मार्लोन सैमुअल्स पर बैन लगाया है। इसकी घोषणा आईसीसी एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख एलेक्स मार्शल ने सैमुअल्स पर प्रतिबंध की घोषणा की। मार्शल ने कहा कि सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। इस दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया और जानते थे कि भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के तहत उनके दायित्व क्या थे। भले ही वह अब रिटायर हो चुके हैं, लेकिन जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स टीम का हिस्सा थे। अनुच्छेद 2.4.2 – नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को किसी भी उपहार, भुगतान, या किसी भी तरीके का फायदा की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक अधियकरियों को नहीं देने के संदर्भ में है, जिससे खेल की छवि को नुकसान पहुंचा हो।

### मंयक अग्रवाल और दीपक हुड्डा ने जड़े शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी 2023 की शुरुआत हो गई है। पहले दिन कर्नाटक की तरफ से मयंक अग्रवाल और राजस्थान की तरफ से दीपक हुड्डा ने शतक जड़े। मयंक ने अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम बी ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 133 गेंद पर 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 157 रन की ठोके। वहीं, चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 103 गेंद पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक ने बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच पर दो विकेट के नुकसान पर 402 रन बनाए। मयंक और उनके साथी ओपनर रविकुमार समर्थ ने पहले विकेट के लिए 38.5 ओवर में 267 रन जोड़े। रसिख सलाम ने समर्थ का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ा। रवि ने 120 गेंद पर 123 रन बनाए, लेकिन तब तक कर्नाटक पहले से ही मजबूत स्थिति में था। मयंक 44वें ओवर में आउट हुए। साहिल लोत्रा घ्ने उन्हें स्टंप आउट किया। इसके बाद, देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर कर्नाटक को 400 रन के पार पहुंचाया। वहीं, दूसरे मैच में दीपक हुड्डा ने चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 103 गेंद पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। उनकी पारी के दम पर राजस्थान ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 347 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम का स्कोर 5.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 36 रन था, जिसके बाद हुडा बल्लेबाजी करने आए।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार, 24 नवंबर 2023 पेज 8



राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए सीएम धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### धातु के टुकड़े के मशीन में फसने से ड्रिलिंग में हुई बाधा

**संवाददाता** देहरादून। सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में गुरुवार को अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की गई। सचिव, उत्तराखंड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू करते हुए कुल 45 मीटर तक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई थी। 45 मीटर से आगे की ड्रिलिंग के बाद धातु के टुकड़े (सरिया) के मशीन में फसने से ड्रिलिंग में बाधा सामने आ खड़ी हुई थी। देर रात श्रमिक प्रदीप यादव एवं बलविंदर द्वारा पाइप के मुहाने पर फंसे धातु के टुकड़ों को पाइप के अंदर रेंगकर काट दिया गया है। सचिव, उत्तराखंड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि आगे का कार्य भी पूरी सावधानी के साथ किया जा रहा है।

### धूमधाम से मना एसजीआरआर बिंदाल का वार्षिकोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बिंदाल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैंट विधायक सविता कपूर, प्रधानाचार्या भावना उपमन्यु,शैक्षणिक अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। प्रिंसिपल ने एसजीआरआर एजुकेशन मिशन में ब्रह्मलीन महंत महाराज इंदेश दास तथा वर्तमान श्रीमहंत देवेंद्र दास के योगदान को याद किया। उपप्रधानाचार्य नवीन आनंद ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सबके सामने रखी।

### अमेजन और डीजीएफटी ने एक समझौते पर किया हस्ताक्षर

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सक्षम बनाने और देश से ई–कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस पहल का उद्देश्य है, ग्रामीण और दूरदराज स्थित जिलों में स्थानीय उत्पादकों को ग्लोबल सप्लाय चेन से जोड़ना।

### एचडीएफसी बैंक को दो पुरस्कारों से किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2023 में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कारों में शामिल हैं। निजी बैंकरों की शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक (एशिया), विकास रणनीति के लिए निजी बैंक (एशिया), इसके अतिरिक्त, बैंक को भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक की श्रेणी में काफी सराहना भी मिली।

# रात दिन बचाव कार्य में जुटे लोगो के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा

**जायजा**

■ मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का लिया जायजा



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने गुरुवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी पहुंचकर सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल के प्रवेश द्वार पर स्थित बाबा बौखनाग के मंदिर पर शीश नवाते हुए आशीर्वाद लिया एवं सभी श्रमिकों के जल्द रेस्क्यू होने की कामना की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टनल विशेषज्ञ प्रो अर्नोल्ड डिक्स से सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान के तकनीकी पक्ष के बारे में भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल में स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों से बात की। उन्होंने श्रमिकों का हाल चाल जानते हुए उनका हौसला आफजाई की। श्रमिकों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी निरंतर स्थिति पर नजर बनाएं हुए हैं और नियमित रूप से रेस्क्यू अभियान की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। पूरा देश आपके साथ खड़ा है। राज्य सरकार भी हर स्थिति में आपके साथ खड़ी है। सभी श्रमिक भाई हौसला बनाए रखें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन में रात दिन जुटे श्रमिकों से भी बात कर उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा आप सभी की मेहनत से रेस्क्यू कार्य सफलता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा टनल में फंसी बहुमूल्य जिंदगियों को बचाने में श्रमिकों का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा रेस्क्यू ऑपरेशन में रात दिन जुटे श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ड्रिलिंग के दौरान पाइप के मुहाने पर फंसे धातु के टुकड़ों को पाइप के अंदर रेंगकर काटने के अत्यंत दुष्कर कार्य को सफलता पूर्वक अंजाम देने वाले श्रमिक प्रदीप यादव एवं बलविंदर की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने ऑगर मशीन से ड्रिलिंग की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। मुख्यमंत्री ने कहा श्रमिकों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहे। हम सभी की प्राथमिकता उन्हें सुरक्षित बाहर निकालना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने राहत बचाव कार्य में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस जवानों स्वास्थ्य कर्मियों एवं इंजीनियरो से भी मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडीसीएल महमूद अहमद, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### मातली में बनाया गया अस्थाई सीएम कैंप कार्यालय

सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के मद्देनजर मातली में अस्थाई रूप से मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बनाया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शासकीय कार्य भी प्रभावित न हों और इस ऑपरेशन की बेहतर तरह से मॉनिटरिंग के मद्देनजर यह अस्थाई कैम्प कार्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री धामी बुधवार शाम से उत्तरकाशी में हैं। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा पहुँचकर टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और यहां मौजूद विशेषज्ञों के साथ भी उन्होंने मंत्रणा की। इसी क्रम में अब अहम निर्णय लेते हुए फिलहाल जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है तब तक के लिए मातली में जहां मुख्यमंत्री ठहरे हुए हैं वहीं पर अस्थाई रूप से सीएम कैंप कार्यालय भी बना दिया गया है।

# महान पूर्वजों की विरासत को संरक्षण देना हमारा नैतिक कर्तव्य

**शुभकामनाए**

■मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों को दी ईगास/बूढ़ी दीवाली की शुभकामनाएं

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति के प्रमुख पर्व ईगास/बूढ़ी दिवाली की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है । उन्होंने कहा ईगास उत्तराखंड के पर्वतीय अंचलों का प्रमुख लोक पर्व है, जो हमारी पौराणिक कथाओं, आस्थाओं, पशुधन के प्रति सम्मान और कृषि तथा ऋतु आधारित एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह हमें जीवन में प्रेम, उल्लास और उमंग का संदेश देता है। हमारे महान देवतुल्य पूर्वजों द्वारा प्रारंभ परंपराएं आज वैज्ञानिक युग में भी तार्किक संदेश देती है कि मनुष्य जीवन का आस्था और प्रकृति के साथ किस तरह का अटूट संबंध होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की जनता ने अपनी संस्कृति और अस्मिता के लिए पृथक राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी ताकि हमारा प्रदेश अपनी भौगोलिक विशिष्ठाओं के अनुरूप नीति और नियोजन कर सके और साथ ही अपनी सभ्यता संस्कृति का भी संरक्षण कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप उनके सरकारी आवास पर ईगास/बुढ़ दिवाली पर्व का आयोजन किया गया है किंतु राज्य के मुख्य सेवक होने के नाते इस समय मेरी चिंता सुरंग में फंसे हुए उन श्रमिक भाइयों को लेकर है, जिनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विश्व स्तरीय तकनीकी के प्रयास चल रहे हैं और बहुत जल्द हम इस ऑपरेशन को पूरा करने में सफल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा वह क्षण हमारे लिए वास्तविक ईगास का होगा, हम सभी प्रदेशवासियों की कामना है कि हम सब उन्हें मनोबल दें और प्रार्थना करें कि बचाव ऑपरेशन जल्द सफलतापूर्वक पूर्ण हो।

**विदेश में भी इस लोक पर्व दीपावली की तरह ही मनाते हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में और देश विदेश में जहां–जहां उत्तराखंडी निवास करते हैं, वे बड़े उल्लास के साथ ईगास/बूढ़ी दिवाली का आयोजन करते हैं। इन्वेस्टर समिट से जुड़े कार्यक्रम हेतु हाल ही में विदेश यात्राओं में मुझे जो भी प्रवासी उत्तराखंडी लंदन, सिंगापुर, दुबई में मिले उन्होंने बताया कि वह बड़े उल्लास से विदेश में भी इस लोक पर्व दीपावली की तरह ही मनाते हैं। प्रवासियों ने राज्य सरकार का आभार प्रकट किया कि सरकार द्वारा इसे राजकीय अवकाश घोषित किया गया है।

### सीएम एवं केंद्रीय राज्य मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक ली

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने गुरुवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी में टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने के उपरांत राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एजेंसी आपसी समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटे रहें। हम सब का यह प्रयास हो की फंसे श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जाए। फंसे श्रमिकों को निकालने हेतु हर संभव प्रयास करें।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को टनल में फंसे श्रमिकों का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा अंदर श्रमिकों की मांग अनुसार हर संभव सामग्री उपलब्ध कराई जाए। हर दिन डॉक्टरों से उनकी बात करवाई जाए। साथ ही श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बीच निरंतर संवाद कायम करवाया जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।